नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 76/2021
Dt- 08-02-2021

प्रधान सचिव
स्वास्थ्य विभाग
बिहार, पटना।

10-2-21

वितरण शाखा
प्राप्तकर्त्ता का हस्ताक्षर
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के सिसवार ग्राम स्थित राजकीय अस्पताल के पुनर्निर्माण के सम्बंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत फुलपरास प्रखंड के सिसवार ग्राम में दशकों से राजकीय अस्पताल कार्यरत था, बाद में उसे उप स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित कर दिया गया वर्त्तमान में वह भवन अत्यंत ही जीर्ण–शीर्ण (Abandoned) अवस्था में है, जिससे सिसवार सहित आस–पास के ग्रामीणों को घोर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है इस अस्पताल में चिकित्सीय सेवाओं की पर्याप्त उपलब्धता भी जनहित में अत्यावश्यक है।

इस अस्पताल के पुनरनिर्माण कराने हेतु मैने पूर्व में भी पत्रांक 119/20 दिनांक 30.6.2020 के माध्यम से कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना, को अवगत कराया है।

अतः अनुरोध है कि सिसवार स्थित पूर्व के राजकीय अस्पताल के जीर्ण–शीर्ण (Abandoned) भवन के स्थान पर नये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (CHC) की स्वीकृति देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय,

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 8.2.21

(संलग्नः–यथोक्त!)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in